## 5 हजार से ज्यादा के बकायादारों पर कसा शिकंजा, 2 हजार बैंक अकाउंट हुए सीज



### नरसिंहपुर में बिजली कंपनी का बड़ी कार्रवाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (नरसिंहपुर वृत्त) ने बिजली बिल जमा न करने वाले बकायादारों के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कंपनी ने 5,000 रुपये से अधिक के सभी बड़े बकायादारों के बैंक खातों को सीज (होल्ड) कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके लिए बिजली विभाग द्वारा सीधे संबंधित बैंकों को पत्र भेजकर खाते होल्ड कराए जा रहे हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस विशेष अभियान के तहत नरसिंहपुर वृत्त के विभिन्न वितरण केंद्रों और संभागों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

नरसिंहपुर एवं गोटेगांव क्षेत्र में नरसिंहपुर ग्रामीण, डांगीढाना, गोटेगांव ग्रामीण, बरमान, करकबेल और श्रीनगर। गाडरवारा एवं चीचली क्षेत्र में गाडरवारा सांचा, संधा संभाग, चीचली, साईं खेड़ा, गाडरवारा ग्रामीण समेत सभी शहरी (टाउन) क्षेत्र।

**अब तक 2,000 बैंक खाते होल्ड** - बिजली कंपनी द्वारा अब तक जिलेभर के लगभग 2,000 बकायादारों के बैंक खाते सीज कराए जा चुके हैं। इस कड़ी कार्रवाई का असर भी तुरंत देखने को मिल रहा है। खाते बंद होते ही उपभोक्ता आनन-फानन में अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान कर रहे हैं। बिल जमा करने के बाद उपभोक्ता संबंधित वितरण केंद्र से एनओसी (एनओसी) प्राप्त कर रहे हैं, जिसके आधार पर ही बैंकों से उनके खातों पर लगा होल्ड हटाया जा रहा है।

**कंपनी की अपील** - विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। किसी भी तरह की असुविधा और बैंक खाता सीज होने की कार्रवाई से बचने के लिए उपभोक्ता समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान तुरंत करें।

## शिक्षक बने बारहवीं के छात्र संभाली कक्षाओं की कमान



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्र बने शिक्षक गतिविधि रही, जिसमें कक्षा बारहवीं के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए शिक्षक की भूमिका निभाकर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का संचालन किया। कार्यक्रम के तहत कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से पढ़ाया और अनुशासन बनाए रखा। कक्षा 12वीं (कॉमर्स) के छात्र शुभम राय ने भी इस अवसर पर शिक्षक की भूमिका का निर्वाह किया। अपने अनुभव को साझा करते हुए शुभम ने कहा कि एक दिन शिक्षक बनकर उन्हें यह गहराई से समझ आया कि समाज में शिक्षक का स्थान सर्वोपरि क्यों है। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा और नैतिक मूल्यों के महत्व के प्रति जागरूक भी रखते हैं। कक्षाओं के सफल संचालन के पश्चात शुभम राय ने साथी छात्रों के साथ विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद डब्लू पराते से भेंट की। शुभम ने प्राचार्य के समक्ष अपने अनुभव साझा किए, प्राचार्य द्वारा सभी वरिष्ठ छात्रों के इस उत्साह, अनुशासन और प्रयास की सराहना की गई।

## 6 माह भी नहीं टिका, सालभर पहले बना ओवरब्रिज!

### गाडरवारा में सड़क उखड़ी, गहरे गड्ढे और बाहर निकले सरिये, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में करीब सात वर्ष के लंबे इंतजार के बाद लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रेलवे ओवरब्रिज को जनता के लिए शुरू हुए अभी महज छह महीने ही बीते हैं, लेकिन इसकी मौजूदा हालत निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। ओवरब्रिज की सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है, गहरे गड्ढे और दरारें दिखाई दे रही हैं, वहीं कई स्थानों पर लोहे के सरिये बाहर निकल आए हैं। इससे ब्रिज से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

ओवरब्रिज गाडरवारा को एनटीपीसी और कोल माइंस जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजनाओं से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। नीचे से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इसी ब्रिज का उपयोग करते हैं। ऐसे में कम समय में सड़क की इस तरह की स्थिति सामने आने से नागरिकों में नाराजगी है।

**निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल** - स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस परियोजना का लंबे समय तक इंतजार किया गया और जिस पर करोड़ों रुपये खर्च हुए, उसकी हालत इतने कम समय में खराब होना गंभीर विषय है। सड़क पर उखड़ी परत, जगह-जगह दरारें और बाहर निकले सरिये यह सवाल खड़ा कर रहे हैं कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का कितना पालन किया गया। नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच, निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

**नागरिकों ने की जांच और सख्त कार्रवाई की मांग**- उच्च अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। अब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि ब्रिज की सड़क इतनी कम अवधि में खराब होने के पीछे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी खामी, रखरखाव की कमी या कोई अन्य कारण जिम्मेदार है। फिलहाल करोड़ों रुपये की लागत से बने इस महत्वपूर्ण ओवरब्रिज की हालत ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सरकारी धन के उपयोग को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों को जांच के निष्कर्ष और दोषियों पर होने वाली कार्रवाई का इंतजार है।

## सार-समाचार

### विकासखंड स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, जिला टीम का हुआ चयन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** चीचली विकासखंड के ग्राम सूखाखैरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य महेंद्र कौरव के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 आयु वर्ग की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व प्राचार्य महेंद्र कौरव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों में विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिससे प्रतियोगिता का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. संदीप मेहरा, सुमित कौरव, राजदीप मरैया, शुभम मेहरा, नीतेश कौरव, कुलदीप कौरव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### विश्व साक्षरता दिवस पर स्कूलों में दिलाई गई साक्षरता की शपथ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में साक्षरता शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने निरक्षरता दूर करने, शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को साक्षर बनाने के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे स्वयं शिक्षा के महत्व को समझेंगे और अपने परिवार तथा समाज में भी साक्षरता का संदेश पहुंचाकर लोगों को शिक्षित होने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को उसके अधिकारों, कर्तव्यों और अवसरों के प्रति जागरूक बनाकर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाती है। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षित और जागरूक नागरिक ही एक मजबूत एवं विकसित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से साक्षरता के प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शासकीय विद्यालयों में 1 सितंबर से 14 सितंबर तक साक्षरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 की तैयारियां शुरू, युवाओं से प्रतियोगिता भाग लेने की अपील

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** माय भारत केंद्र नरसिंहपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में जिला युवा अधिकारी उमंग जैन ने जानकारी दी कि




जनवरी माह में आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई है, जो 30 सितंबर 2026 तक जारी रहेगी। आपने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवा इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को 10 मिनट में 20 प्रश्नों के ऑनलाइन उत्तर देने होंगे।

श्री जैन ने आगे बताया कि क्विज प्रतियोगिता में चयनित युवाओं को दूसरे चरण में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके बाद तीसरे चरण में युवा पीपीटी के माध्यम से अपने विचार मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। देशभर से लगभग 3000 युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। यह नरसिंहपुर के युवाओं के लिए अपने विचारों, नवाचारों और युवा शक्ति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिला युवा अधिकारी उमंग जैन ने जिले के सभी पात्र युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने तथा इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। साथ ही श्री जैन विभाग की अन्य गतिविधियों की जानकारी दी।

## अवैध शराब पर कार्रवाई, 120 लीटर महुआ शराब जब्त, 2000 किलो लाहन नष्ट



**गाडरवारा, देशबन्धु।** नरसिंहपुर पुलिस ने जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन ईगल क्लॉ' के तहत अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गाडरवारा के कुचबंदिया मोहल्ले में सात आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 120 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 2000 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट कर दिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार अलसुबह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया तथा एसडीओपी गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में गाडरवारा, साईंखेड़ा, डोगरगांव और चीचली थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने रंजीत रजक, रंजीता कुचबंदिया, ललिता कुचबंदिया, पार्वती कुचबंदिया, नीतू कुचबंदिया, सुनील उर्फ नीलू धानक तथा कमल कहार के कब्जे से कुल 120 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 हजार रुपये बताई गई है। साथ ही शराब निर्माण के लिए तैयार किया गया लगभग 2000 किलोग्राम महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

पुलिस ने रंजीत रजक के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहीं अन्य छह आरोपितों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस अभियान में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में साईंखेड़ा, चीचली और डोगरगांव थाना प्रभारियों सहित उप निरीक्षकों, सहायक उप निरीक्षकों, प्रधान आरक्षकों, आरक्षकों तथा महिला पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कुकिंग, बैकिंग और माइक्रोवेब कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शास. श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में एक माह का कुकिंग, बेकिंग एवं माइक्रोवेब कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यकन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत किया जा रहा है जिसमें यह प्रशिक्षण गुरू महक कला केन्द्र की संचालक रंजना नायक द्वारा दिया जायेगा। कार्यकम में रंजना नायक द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुये प्रशिक्षण में नए-नए व्यंजन एवं उनके तकनीकी ज्ञान को छात्राओं तक पहुंचाया जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोडने के उद्देश्य से किया जा रहा है इस प्रशिक्षण के माध्यम से पाक कला का व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान अर्जित कर सकें। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. यतीन्द्र महोबे ने शासन द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा रोजगार उन्मुख कौशल का विकास करना एवं छात्राओं में आत्मनिर्भरता एवं उद्यामिता की भावना का विकास करना है। इस प्रशिक्षण में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के जंक फूड एवं चाइनीज व्यंजन घरेलू विधि से बनाना सिखाया जायेगा जो कि शरीर को हानिकारक नहीं होगा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री अंशुल खरे एवं आंभार प्रदर्शन संयोजक डॉ. अनुज सिंह परिहार सहा.प्राध्या, समाजशास्त्र द्वारा किया गया।

## पुरानी गल्ला मंडी में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में सीताराम अखाड़ा डमरू घाटी विजेता

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पुरानी गल्ला मंडी परिसर में कमल खटीक मित्र मंडल द्वारा 21 फीट ऊंची मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। रोमांचक मुकाबले में सीताराम अखाड़ा डमरू घाटी की टीम ने शानदार मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।विजेता टीम को महंत बालकदास जी सहित अतिथियों ने 21 हजार रुपये नकद एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं और दर्शकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में लुनावत ज्वेलर्स का विशेष सहयोग रहा।

## अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने मनाया स्थापना दिवस



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद नरसिंहपुर इकाई के द्वारा स्थापना दिवस बधिर एवं दिव्यांक छात्रावास में बच्चों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को केक, मिठाई, बिर्सिसकट, फल वितरित किये गये। अधिवक्ता परिषद के महाकौशल प्रान्त के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि अधिवक्ता परिषद की स्थापना वर्ष 1992 में दत्तोपंत ठेंगढी जी के द्वारा अधिवक्ताओं तथा विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में जनहित में कार्य करने हेतु स्थापना की गयी अधिवक्ता परिषद के द्वारा अधिवक्ताओं के हितों तथा सरकारों के द्वारा जो कानून बनाये जाते है यदि वह कानून जनहित में नहीं होते उसके खिलाफ आन्दोलनों के माध्यम से आमजन की आवाज सरकार तक पहुंचाने में अधिवक्ता की भूमिका रहती है कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रप्रकाश पटेल, प्रांतीय सदस्य संजय दुबे परिषद के जिला अध्यक्ष के. के. विश्वकर्मा उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में अधिवक्तागण अरविंद सोनी, लालसाहब पटैल, शरद शर्मा, मनोज साहू, जगदीश साहू, राजकुमार प्रतापति, जितेन्द्र स्वरूप साहू, प्रतापसिंह राजपूत, नितिन राजपूत, राहुल जाट, पियूष सोनी, गोविंद साहू, दशरथ मेहरा, राज अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकान्त शौनकिया के द्वारा किया गया ।

## शिक्षक सम्मान समारोह में दिनेश जैन का पेंशनर समाज ने किया अभिनंदन, भेंट किया भगवान महावीर स्मृति चिन्ह



**गाडरवारा, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिष्ठित समाजसेवी दिनेश जैन द्वारा कृषि उपज मंडी गाडरवारा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवारत एवं पेंशनर शिक्षकों का सम्मान कर उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को नमन किया गया।

इसी अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक पेंशनर समाज के सदस्यों ने समाजसेवी दिनेश जैन को उनके निरंतर जनसेवा एवं शिक्षकों के सम्मान की परंपरा को बनाए रखने के लिए भगवान महावीर का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा इस सराहनीय पहल को आगे भी जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद विवेक तंखा तथा बिहार के राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच पर महेश नेमा, मनोहर लाल आरसे, गोविंद कोरी, माधव सिंह रघुवंशी और रमेश शर्मा ने संयुक्त रूप से दिनेश जैन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षकों के प्रति सम्मान और समाज में शिक्षा के महत्व का संदेश दिया गया।

## इनर व्हील क्लब ने मनाया शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी उत्सव

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गुरु गोविंद दोउ खड़े इस दोहे को चरितार्थ करते हुए इनर व्हील क्लब ने शिक्षक दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया। पूर्व अध्यक्ष भारती ठाकुर ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। क्लब में श्री कृष्ण एवं राधा रानी के जीवंत स्वरूप आकर्षण मनोहर रूप के दर्शन हुए। भजन मंडली द्वारा मन मुग्ध कर देने वाले भजन गाए गए । गए। इस अवसर पर उर्मिला ठाकुर व मालती त्रिवेदी की उपस्थिति रही । क्लब के द्वारा उनका सम्मान किया गया। अंत में मटकी फोड़ हुआ । क्लब के द्वारा भजन मंडली का भी सम्मान हुआ। क्लब में भारती ठाकुर, अर्चना राय मंजूषा सेन सीमा स्थापक, छाया मुड़िया ,ज्योत्सना राय ,विंध्य तिवारी, सुनीता राजपूत, रजनी राजोरिया , रानू अवधिया, पूनम धुर्वे, डिंपल जाट, शिल्पी मालिया, प्रियंका साहू, ज्योति सोनी , सोनाली राय , डॉ अनुराधा साहू ,उर्वशी पाठक , प्रियंका कदम ,तनु दुबे, रुक्मणी ढिमोले, राजकुमारी पाठक, रश्मि सलूजा ,अर्चना पटेल, नेहा सैनी आदि की उपस्थिति रही।

### सूचना

मैं शपथकर्ता शेख अलीम मंसूरी पिता श्री मुस्तफा खां नेहरू वार्ड, तह. व जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) का निवासी हूं। नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर द्वारा प्रदत्त शपथकर्ता के जन्म प्रमाण पत्र में शपथकर्ता का नाम त्रुटिवश शेख मोहम्मद अलीम एवं पिता का नाम मुस्तफा खान दर्ज हो गया है। जबकि शपथकर्ता का सही नाम शेख अलीम मंसूरी एवं पिता का सही नाम मुस्तफा खां है जो अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। शपथकर्ता के जन्म प्रमाण पत्र में शपथकर्ता का सही नाम शेख अलीम मंसूरी एवं पिता का सही नाम मुस्तफा खां दर्ज कर डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे। इस हेतु शपथ पत्र पेश है।

शेख अलीम मंसूरी

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 247 / अ- 20(1) सन् 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 10/09/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विधमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | करेली | 8/8 | 800 वर्गफुट | कृष्णकुमार आ. स्व. देवीप्रसाद विश्वकर्मा सा. सिविल लाइन नरसिंहपुर | कृष्णकुमार आ. स्व. देवीप्रसाद विश्वकर्मा सा. सिविल लाइन नरसिंहपुर |

आज दिनांक-9/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

